बुधवार
6 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 92 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## सात मई को मंत्रिमंडल विस्तार, गांधी मैदान में भव्य शपथ समारोह की तैयारी




पटना (अपना नालंदा)। बिहार में प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का विस्तार 7 मई को होगा। शपथ ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

उन्होंने बताया कि समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे।

इसको लेकर पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई , जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

संजय सरावगी ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसमें राज्यपाल मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

बैठक में कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## घटिया सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण, काम रोकने की उठी मांग



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बेन प्रखंड के आंट पंचायत अंतर्गत माड़ी गांव में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क कालीकरण एवं ढलाई कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, माड़ी गांव में प्रधानमंत्री सड़क से दक्षिण दिशा में ऊपरकी नदी होते हुए बीएससी के घर तक लगभग 800 मीटर पीच एवं 200 मीटर ढलाई सड़क निर्माण का कार्य किया जाना है। हालांकि कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक योजना से संबंधित कोई सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है, जिससे लागत एवं अन्य विवरणों की जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में प्रयोग की जा रही गिट्टी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। साथ ही, पुरानी ढलाई को हटाने के बजाय उसे पास के निजी जमीन पर डाल दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जो पुरानी सड़क उखाड़ी जा रही है, वह पहले से ही अच्छी स्थिति में थी।

इस मामले को लेकर गांव के अरविंद कुमार, अलख नारायण, प्रमोद कुमार, दयानंद, अनिल कुमार, उषा कुमारी सहित कई लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

इधर, ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गई है और जांच की जा रही है।

## राजगीर बस स्टैंड की बदहाली पर लोगों में आक्रोश, मेला से पहले सुधार की मांग तेज




राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और आस्था स्थल राजगीर आज अपनी बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर चर्चा में है। यहां का मुख्य बस स्टैंड, जो हजारों यात्रियों के आवागमन का केंद्र है, जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इसकी खराब व्यवस्था पर गहरा आक्रोश जताया है।

यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड की हालत इतनी खराब हो गई है कि बिना कीचड़ से होकर गुजरे बस तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। बारिश के बाद स्थिति और बदतर हो जाती है, जिससे आने-जाने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदगी, जलजमाव और अव्यवस्था ने पूरे परिसर को असुविधाजनक बना दिया है।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि पहले भी कठिन समय रहे, लेकिन ऐसी बदहाली कभी नहीं देखी गई। लोगों का आरोप है कि यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है, जिस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि कुछ ही दिनों बाद प्रसिद्ध मलमास मेला शुरू होने वाला है। इस मेले में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में बस स्टैंड की मौजूदा हालत प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो इससे न केवल राजगीर बल्कि पूरे बिहार की छवि प्रभावित होगी। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि मेला शुरू होने से पहले व्यवस्थाएं सुधर पाती हैं या नहीं।

## बीईओ कार्यालय का ताला टूटा, अभिलेख सूचीबद्ध, शिक्षा कार्य बहाली की उम्मीद





चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर स्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) का कार्यालय कक्ष लंबे समय से सील रहने के कारण ठप पड़े कार्यों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा के निर्देश पर दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कन्हैया कुमार की मौजूदगी में कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखे अभिलेखों और सामग्रियों की सूची तैयार की गई।बताया जाता है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की गई। एसडीओ हिलसा ने त्वरित पहल करते हुए सील कक्ष खोलने और सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद प्रशासनिक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए कार्यालय का ताला खुलवाया गया।

कार्यालय खुलने के बाद अंदर रखी फाइलों, अभिलेखों और अन्य सामग्रियों की गिनती कर विस्तृत इन्वेंटरी तैयार की गई। अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से कक्ष बंद रहने के कारण कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अंदर ही बंद थे, जिससे शिक्षा विभाग के कई कार्य प्रभावित हो रहे थे।

गौरतलब है कि 13 मार्च 2026 को निगरानी विभाग, पटना की टीम ने बीआरसी कार्यालय में छापेमारी कर संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इसके बाद 16 मार्च को कार्यालय कक्ष सील कर दिया गया था। करीब डेढ़ महीने तक कार्यालय बंद रहने से शिक्षकों से जुड़े वेतन, सेवा पुस्तिका, स्थानांतरण समेत कई कार्य बाधित रहे।अब कार्यालय खुलने के बाद इन कार्यों के जल्द सुचारू होने की उम्मीद है।

# महादलित टोले में शौचालय निर्माण से बदली तस्वीर, बुजुर्ग खुश



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड के महादलित टोले में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शौचालय निर्माण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रहलाद कुमार द्वारा किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक योग्य लाभुक के घर में शौचालय का निर्माण सुनिश्चित करना और खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना है।

कार्यक्रम के दौरान बीडीओ प्रहलाद कुमार ने कहा कि सरकार की योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरंतर जागरूकता अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है और इस टोले में अब तक चार शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनाएं और अपने परिवार को स्वस्थ रखें।इसी क्रम में श्रीमती रीता देवी, पति सुनील चौधरी के घर में व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण पूरा हुआ। इस अवसर पर परिवार के बुजुर्ग मुखिया साजन चौधरी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें शौच के लिए पड़ोसी के घर जाना पड़ता था, लेकिन अब अपने घर में शौचालय बन जाने से उन्हें सम्मान और सुविधा दोनों मिल गए हैं। उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

इस मौके पर जिला सलाहकार रोहित कुमार, प्रखंड समन्वयक संजय कुमार, वार रूम कर्मी मोहन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनुज कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने लोगों में स्वच्छता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।

# दीपक कुमार को राष्ट्रीय युवा नेतृत्व अवॉर्ड 2026 से किया जाएगा सम्मानित



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड स्थित सद्भावनानगर निवासी समाजसेवी दीपक कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित "नेशनल यूथ लीडरशिप अवॉर्ड 2026" से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भावना के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता के लिए प्रदान किया जा रहा है।

यह पुरस्कार 11 मई को नई दिल्ली स्थित विश्व युवक केंद्र में आयोजित नेशनल यूथ लीडरशिप प्रोग्राम के दौरान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट प्वाइंट ओडिशा, ग्लोबल यूथ पीस कमेटी एवं विश्व युवक केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। दीपक कुमार को यह सम्मान भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, श्रीलंका की उच्चायुक्त महिष्णी कोलानी, प्रोजेक्ट प्वाइंट के चेयरमैन डॉ . संग्राम केशरी सामंतराय तथा विश्व युवक केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों प्रदान किया जाएगा।

दीपक कुमार पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा में सक्रिय हैं। वे प्रख्यात गांधीवादी विचारक डॉ. एस. एन. सुब्बाराव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने बिहार में सद्भावना साइकिल यात्रा, जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान, बाल एवं मानवाधिकार जैसे विषयों पर भी व्यापक कार्य किया है।

उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली और समाज के प्रति समर्पण उन्हें युवाओं के बीच प्रेरणास्रोत बनाता है। इस उपलब्धि पर नालंदा सहित देशभर में खुशी का माहौल है।









# स्पष्टीकरण नहीं देने पर एफआईआर की चेतावनी, शिक्षा विभाग सख्त



अखिलेंद्र कुमार

पटना (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना कार्यालय से जारी एक पत्र के माध्यम से सेवानिवृत्त लिपिक ज्ञान कुमार सिंह से लंबित मामलों में स्पष्टीकरण मांगा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में पत्रांक 2705 दिनांक 18 फरवरी 2026 के तहत उन्हें तीन दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब तक स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है।

जारी पत्र के अनुसार, आरोप है कि जिला अपीलीय प्राधिकार, पटना के कार्यालय व्यय की राशि खर्च करने के बाद संबंधित रोकड़ वही, स्टॉक पंजी, फर्नीचर (गोदरेज आलमीरा) एवं महत्वपूर्ण संचिकाओं का प्रभार प्रतिस्थानी सचिव को नहीं सौंपा गया। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्ति के बाद कार्यालय आनेपर रोक के बावजूद न्यायिक सुनवाई में उपस्थित रहने का भी मामला सामने आया है।इस मामले को गंभीर मानते हुए विभाग ने अंतिम चेतावनी जारी की है। पत्र में कहा गया है कि संबंधित आरोपों पर तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब नहीं दिया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

यह कार्रवाई विभागीय अनुशासन और सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर सख्ती का संकेत माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# अधूरे आवास पर सख्ती, 216 लाभुकों से राशि वसूली की चेतावनी




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में मंगलवार को बीडीओ डॉ. पंकज कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड आवास पर्यवेक्षक रविकर रवि सहित सभी आवास सहायक उपस्थित रहे।

बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में विभिन्न वित्तीय वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत करीब चार हजार लाभुकों का चयन किया गया है। इनमें से 216 लाभुकों ने अब तक अपना आवास पूर्ण नहीं किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने आवास सहायकों को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी लंबित आवासों को हर हाल में इसी माह के भीतर पूर्ण कराया जाए, अन्यथा संबंधित लाभुकों से दी गई राशि की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक में 276 आवास अधूरे थे, जिनमें से एक सप्ताह के भीतर लगभग 60 लाभुकों ने निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। योजना के तहत लाभुकों को पक्का घर बनाने के लिए तीन किस्तों में 40-40 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं।


बैठक में योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और उनके शीघ्र निष्पादन पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस दौरान आवास सहायक ममता देवी, धर्मवीर कुमार, रंजीत, अजीत सहित अन्य उपस्थित रहे, जबकि रजनीश कुमार बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। अंत में सभी कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।









# जनगणना कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण, सटीकता व पारदर्शिता पर जोर



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुरौरा पंचायत अंतर्गत ग्राम विस्कुरवा मुरौरा में चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य का जायजा लिया तथा प्रगणकों द्वारा भरे जा रहे प्रपत्रों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनगणना कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सही और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने प्रगणकों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी, जिसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप के जरिए किया जा रहा है। यह प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण मकान सूचीकरण का है, जो 2 मई से 31 मई तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण जनगणना का फरवरी 2027 में प्रस्तावित है।

इस बार पहली बार स्वगणना की व्यवस्था भी लागू की गई, जिसके तहत लोगों ने ऑनलाइन स्वयं अपनी जानकारी दर्ज की है। प्रगणक ऐसे लोगों से स्वगणना पहचान संख्या प्राप्त कर उसका सत्यापन कर रहे हैं, जबकि अन्य घरों से आवश्यक जानकारी एकत्र कर उसे सत्यापित किया जा रहा है।जनगणना के दौरान मकान की स्थिति, स्वामित्व, पेयजल स्रोत, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं रसोई जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।इस मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रगणक पल्लवी आनंद, मुशरत रिजवाना, पूजा कुमारी, सुमंत कुमार, अंकित कुमार, अंकज कुमार तथा पर्यवेक्षक मनोज कुमार और गौतम कुमार उपस्थित रहे।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस पर जागरूकता, चेतना सत्र में बच्चों ने सीखी स्वच्छता



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में मंगलवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विशेष चेतना सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच स्वच्छता के प्रति उत्साह देखने को मिला। मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने हाथ धोने के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता से कई बीमारियों से बचाव संभव है।

उन्होंने यह भी बताया कि आज महान दार्शनिक Karl Marx का जन्म दिवस है।

इस अवसर पर बच्चों को उनके जीवन और विचारों से अवगत कराया गया। साथ ही महान स्वतंत्रता सेनानी Pritilata Waddedar के योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। सामान्य ज्ञान सत्र में गंगा नदी, टाल क्षेत्र तथा पश्चिमी चंपारण की छोटी नदियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीत शिक्षिका राखी कुमारी द्वारा प्रस्तुत हारमोनियम पर प्रार्थना "इतनी शक्ति हमें देना दाता", राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान रहा, जिससे विद्यालय का वातावरण भावपूर्ण हो उठा। शिक्षक शंकर कुमार ने बच्चों को योगाभ्यास कराया, जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, वरिष्ठ शिक्षक कुंज बिहारी कुंजेश और संजीत कुमार ने बच्चों के यूनिफॉर्म, नाखून और हेयर स्टाइल की जांच की।

शिक्षक अशोक कुमार ने स्काउट-गाइड से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्पना, रेखा, सीमा कुमारी, सोनल, साक्षी राणा, अजय, राकेश कुमार, रौशन कुमार सिंह, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, हिंदी शिक्षक अजय कुमार, लिपिक धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे और सुशील सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।






# स्वास्थ्य संस्थानों में महिलाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता सेवाओं पर सख्त निर्देश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक संवेदनशील, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जेंडर रिस्पॉन्सिव केयर, सम्मानजनक मातृत्व देखभाल, मरीज अधिकार एवं जेंडर आधारित हिंसा पर त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन जय प्रकाश सिंह ने की, जबकि एसीएमओ डॉ. राममोहन सहाय भी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न विभागों के चिकित्सक, काउंसलर, नर्सिंग स्टाफ, एआरटी, एनसीडी, एनआरसी, फिजियोथेरेपी, इमरजेंसी, एएनसी, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर के प्रभारी, जीएनएम, ममता कर्मी, गार्ड सुपरवाइजर, वार्ड बॉय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों एवं पिरामल के जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के अस्पतालों में कुल 44 हिंसा एवं 16 यौन हिंसा के मामले सामने आए हैं। इन सभी मामलों में काउंसलिंग, मनोसामाजिक सहयोग, उचित दस्तावेजीकरण और कानूनी सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन, पुलिस तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पतालों में मेडिको-लीगल सेवाओं और गोपनीय काउंसलिंग को और मजबूत किया जाएगा। हिंसा से जुड़े मामलों का व्यवस्थित डेटा संधारण सुनिश्चित किया जाएगा तथा वन स्टॉप सेंटर, पुलिस एवं विधिक सेवा प्राधिकार के साथ रेफरल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अस्पताल परिसर में एआई कैमरे लगाए गए हैं, जिससे संदिग्ध गतिविधियों और दलालों पर निगरानी रखी जा रही है। सिविल सर्जन ने सभी कर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना प्रशासन को देने का निर्देश दिया। यह पहल पीड़ितों को सुरक्षित और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का भंडारे के साथ हुआ भव्य समापन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना क्षेत्र के विजवनपर में 26 अप्रैल से चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कथा वाचन कर रहे 14 वर्षीय बृजवासी धीरेंद्र शास्त्री ने नौ दिनों तक भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भक्ति भाव पर विस्तार से प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि राम नाम ही जीवन का आधार है और सनातन संस्कृति संपूर्ण विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। पूरे आयोजन के दौरान कथा पंडाल "जय सियाराम" के जयकारों से गूंजता रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।अंतिम दिन सुबह हवन-पूजन एवं भगवान श्रीराम की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ महिंपौर प्रतिनिधि अमित कुमार, वार्ड पार्षद



पप्पू यादव, संजय यादव, दिलीप यादव, चंदन यादव, अली अहमद, राकेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार, संजय आजाद तथा समाजसेवी दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ तन्नू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकर्ता विजय सिंह, नीतिश सिंह, राजबल्लभ सिंह, चन्द्रमौली कुमार, रामकृष्णा सिंह, अभिषेक सिंह, रजनीश यादव सहित समिति के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।






# तीन राज्यों में जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्साहपूर्ण जश्न



नगरनौसा (अपना नालंदा)। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर नगरनौसा प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया।

कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता के भरोसे और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि Bharatiya Janata Party देश को एक सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के आम लोगों के विकास और कल्याण के लिए काम कर रही है, जिसका परिणाम इस ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया है। उन्होंने इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीत बताया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, अमरजीत सिंह, प्रणवदेव आनंद, प्रियंका कुमारी, राज श्री सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# तेज आंधी में ताड़ का पत्ता गिरा, महिला की मौके पर दर्दनाक मौत

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के कचहरिया गांव में सोमवार की देर शाम आई तेज आंधी एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुई। आंधी के दौरान ताड़ के पेड़ का भारी पत्ता टूटकर गिरने से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान रामेश्वर रविदास की 60 वर्षीय पत्नी लीला देवी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान लीला देवी घर के बाहर बने चूल्हे को बचाने के लिए उसे ढंकने निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज आंधी केकारण ताड़ के पेड़ से बड़ा पत्ता टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर पड़ा, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी काफी तेज थी, जिससे कई स्थानों पर पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा है।

थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी विवाद में हत्या प्रयास केस के दो आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (नालंदा) (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के चन्धारी पंचायत अंतर्गत दानापुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस घटना के बाद थाना में कांड संख्या 144/2026 के तहतप्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर इस्लामपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लवकुश पांडेय और उनके पुत्र तन्नू पांडेय शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# बंगाल विजय के बीच खासी चर्चा में है नितिन नवीन की भूमिका



पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों ने जहां राजनीतिक समीकरणों को नया रूप दिया है, वहीं भारतीय जनता पार्टी की रणनीतिक सफलता के केंद्र में संगठनात्मक दक्षता और मजबूत नेतृत्व की भूमिका विशेष चर्चा में है। इस पूरे अभियान में नितिन नवीन का योगदान एक प्रभावी कारक के रूप में उभरकर सामने आया है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह चुनावी अभियान महज जीत-हार का मुकाबला नहीं था, बल्कि यह जमीनी स्तर पर संगठन निर्माण, कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण और प्रभावी समन्वय का एक सफल मॉडल भी साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित रहे नितिन नवीन ने जिस तरह से बंगाल के युवाओं, विशेषकर बुद्धिजीवी वर्ग के बीच संवाद स्थापित किया, उसने पार्टी के लिए एक नया आधार तैयार किया।

उनकी सामाजिक और जातीय समीकरणों पर पकड़ ने भी चुनावी रणनीति को मजबूती दी, जिससे पार्टी को कई क्षेत्रों में अपेक्षित बढ़त मिली। भाजपा नेतृत्व द्वारा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना एक सुनियोजित रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है, जो इस चुनाव में "ट्रंप कार्ड" साबित हुआ।

अभियान के दौरान बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और पूरे अभियान को अनुशासित तरीके से संचालित करने में नितिन नवीन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस मजबूत संरचना ने पूरे चुनावी दौर में ऊर्जा और निरंतरता बनाए रखी।

संचार रणनीति भी इस अभियान की खासियत रही। राष्ट्रीय स्तर के संदेशों को स्थानीय संदर्भों के साथ जोड़कर आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। विकास, सुशासन और जवाबदेही जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिससे पार्टी की स्वीकार्यता में विस्तार हुआ। विशेष रूप से दक्षिण बंगाल में केंद्रित रणनीति के तहत बौद्धिक संवाद, जनसंवाद कार्यक्रमों और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। इससे नीति निर्माताओं और आम जनता के बीच संवाद का दायरा बढ़ा और विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच मजबूत हुई।

अभियान प्रबंधन में फीडबैक प्रणाली को भी विशेष महत्व दिया गया। जमीनी स्तर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर रणनीतियों में समय-समय पर बदलाव किए गए, जिससे अभियान परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी बना रहा। यहाँ तक कि नितिन नवीन ने बिहार,छत्तीसगढ़ और ओड़िसा के भाजपा के संगठन से जुड़े चिन्हित युवा नेताओं को डायरेक्ट एक्शन के लिए पश्चिम बंगाल में लगाया और इसकी सीधी निगरानी ख़ुद करते रहे। नितिन नवीन द्वारा यहां तैनात किये गये ये कार्यकर्ता ख़ुफ़िया रूप से महीनों से पश्चिम बंगाल में कैम्प कर स्थानीय मुद्दों पर बारीकी से नज़र रख रहे थे तथा राष्ट्रीय नेतृत्व को पल-पल की जानकारी साझा कर रहे थे । साथ ही स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ताओं को संभावित सत्ता परिवर्तन की आस जगा उनकी हिम्मत बढ़ा रहे थे।इस तरह से नितिन नवीन ग्राउंड ज़ीरो के डायरेक्ट फीडबैक चैनल के माध्यम से सीधे जुड़े हुए थे।

इसके साथ ही, नितिन नवीन की "फ्रंट से नेतृत्व" की शैली ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा। उनकी निरंतर क्षेत्रीय उपस्थिति, संवाद और सक्रिय भागीदारी ने संगठन के भीतर विश्वास और एकजुटता को मजबूत किया।

कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल का यह चुनाव न केवल राजनीतिक परिणामों के लिए, बल्कि एक सशक्त और अनुशासित अभियान प्रबंधन के उदाहरण के रूप में भी याद किया जाएगा —जहां नितिन नवीन की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पश्चिम बंगाल भाजपा का स्पष्ट संदेश: "सिद्धांतों से समझौता नहीं, संदिग्धों की एंट्री बंद"

पश्चिम बंगाल भाजपा ने पार्टी में शामिल होने की प्रक्रिया और मौजूदा राजनीतिक हालात पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। राज्य भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रवक्ता देवजीत सरकार ने कहा कि केवल खुद को भाजपा बताने से किसी को पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा।

उन्होंने साफ कहा कि जिन लोगों का अतीत भ्रष्टाचार, हिंसा या आम जनता के उत्पीड़न से जुड़ा रहा है, उनके लिए पार्टी के दरवाजे बंद हैं। भाजपा अपने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से कोई समझौता नहीं करेगी।

प्रवक्ता ने यह भी बताया कि कुछ असामाजिक तत्व और नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोग भाजपा का नाम और झंडा इस्तेमाल कर खुद को कार्यकर्ता बता रहे हैं। ऐसे लोगों से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है और इस पर कड़ी आपत्ति जताई गई है। राज्य अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के निर्देश पर फिलहाल सदस्यता अभियान स्थगित कर दिया गया है।

नगर पालिका चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा अपने बलबूते घर-घर जाकर जनता से संपर्क करेगी और चुनाव लड़ेगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग वर्षों से जनता की संपत्ति लूटते रहे हैं, वे सिर्फ भाजपा का झंडा उठाकर खुद को साफ नहीं दिखा सकते।

वर्तमान राजनीतिक माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हो रहे हमलों की निंदा की और प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। साथ ही कार्यकर्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि आंतरिक कलह का दोष भाजपा पर मढ़ने की कोशिश की जा रही है और पार्टी की छवि खराब करने के लिए सुनियोजित उकसावे दिए जा रहे हैं।

अंत में, मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां राजनीतिक हताशा को दर्शाती हैं। भाजपा ने दोहराया कि वह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा करती रहेगी।

# बिहार शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए आचार्य राकेश झा

## सटीक कुंडली विश्लेषण, कर्मकांड एवं वास्तु शास्त्र में अतुलनीय योगदान के लिए मिला सम्मान



पटना (अपना नालंदा)।बिहार शिक्षा शिखर सम्मेलन के तृतीय संस्करण में आयोजित बिहार शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में उद्घाटनकर्त्ता बिहार के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत) की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने ज्योतिषाचार्य राकेश झा को बिहार शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इन्हे सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेट किया गया।

आयोजनकर्त्ता के द्वारा आचार्य राकेश झा का ज्योतिषीय योगदान केवल राष्ट्रहित ही नहीं अपितु भारतीय ज्योतिष ज्ञान परंपरा को इस आधुनिक युग में भी पत्रिकाओं एवं दूरसंचार के माध्यम से वैश्विक मंचों पर स्थापित करने में भी अहम भूमिका है।

दरभंगा के संस्कृत विश्वविद्यालय से फलित ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र की शिक्षा लेने के बाद आचार्य राकेश झा वर्तमान में देश के सभी प्रमुख राज्यों तथा पड़ोसी देश नेपाल में ज्योतिषीय परामर्श, वास्तु परीक्षण, कुंडली विश्लेषण, समाजिक परामर्श व शैक्षणिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

इस उपलब्धि पर ईवेंटिक मिडिया के प्रमुख चंदन राज, मेयर सीता साहू, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, डॉ.राजेश रंजन, समाजसेवी किसलय किशोर, डॉ.अमृता सिन्हा, कामिनी झा, काशी के विकाश पाठक, कोटक महिंद्रा बैंक के डिप्टी मैनेजर राजेश झा समेत दर्जनों लोगो ने बधाई दिया तथा इसे ज्योतिष शास्त्र की प्राचीन विद्या परंपरा और बिहार की बैद्धिक धरोहर के लिए गौरव का विषय बताया।



# सहयोग शिविर से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले के 15 पंचायतों में 19 मई को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की तैयारी, संचालन व्यवस्था और शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को सीधे प्रशासन से जोड़ना, उनकी समस्याओं का शीघ्र निपटारा करना तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। शिविरों का आयोजन पंचायतों में सुलभ सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी पंचायत स्तर पर पूर्व से दर्ज शिकायतों का संकलन करें। साथ ही, क्षेत्र में भ्रमण कर नई शिकायतें भी प्राप्त करें और शिविर की तिथि से पहले ही उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। वरीय अधिकारियों को भी पंचायतों में पहुंचकर शिकायतों की समीक्षा करने और आम लोगों से संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को पंचायतवार शिकायतों का संकलन कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को पंचायत स्तर पर दर्ज कराएं, ताकि शिविर के माध्यम से उनका शीघ्र समाधान किया जा सके।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति (डीक्यूएसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुपालन तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर नियोजित सिजेरियन सेक्शन सेवा शुरू करने तथा रेफरल अस्पताल घोसी और मखदुमपुर में रक्त आधान सेवाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना की सूचना और वर्बल ऑटोप्सी रिपोर्ट को समय पर एमपीसीडीएसआर पोर्टल पर अपलोड करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पीएमएसएमए पोर्टल पर उच्च जोखिम गर्भावस्था की नियमित ट्रैकिंग और अद्यतन सुनिश्चित करने को कहा गया।राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन हेतु चिन्हित संस्थानों की तैयारी में तेजी लाने तथा प्रत्येक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) को पाँच-पाँच हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मानकों के अनुरूप विकसित करने का लक्ष्य दिया गया। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की रैंकिंग में सुधार के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय भुगतान को समय पर सुनिश्चित करने, लेबर रूम सेवाओं को सशक्त बनाने तथा लक्ष्या प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता रथ रवाना, राष्ट्रीय लोक अदालत से त्वरित सस्ता न्याय मिलेगा




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद, श्री विकास कुमार एवं जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अलंकृता पाण्डेय ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य लोक अदालत के लाभ को जन-जन तक पहुँचाना और अधिक से अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से लंबित मुकदमों का त्वरित निपटारा संभव है, जिससे न्यायालयों पर बोझ कम होता है। यह प्रक्रिया सस्ती, सुलभ और सरल है, जहाँ कई मामलों में वकील की भी आवश्यकता नहीं पड़ती तथा समझौते के बाद शुल्क भी वापस मिल जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मामलों का समाधान आपसी सहमति से होता है, जिससे रिश्तों में कड़वाहट नहीं आती और जीत-हार की भावना समाप्त होती है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे 9 मई को व्यवहार न्यायालय परिसर, जहानाबाद में आयोजित लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक चलेगा।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ब्रजेश कुमार ने भी सभी पक्षकारों से अपने मामलों को लोक अदालत में भेजकर शीघ्र निष्पादन कराने की अपील की। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी निपुन कुमारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# फुटपाथ दुकानदारों संग बैठक, अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था सुधार पर जोर



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शहर में फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं के समाधान को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेशनल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, फुटपाथ दुकानदार संघ के कार्यकर्ता तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान दुकानदारों की समस्याओं, उनके पुनर्व्यवस्थापन और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य फुटपाथ दुकानदारों को बेहतर, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ आम जनता की सुविधा और सड़क सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसलिए संतुलन बनाते हुए कार्य किया जाएगा।

बैठक में शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी दुकानदार निर्धारित स्थानों पर ही अपने व्यवसाय का संचालन करें और सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमित न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दुकानदारों से अपील की गई कि वे प्रशासन का सहयोग करें, ताकि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताई। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार, उपकरण बरामद



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर अपराध में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों—चैनपुरा गांव स्थित विकास ईंट भट्ठा के पास तथा नारोमुरार गांव के दुर्गा मंदिर के समीप बगीचा क्षेत्र में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से सात एंड्रॉयड मोबाइल, दो पन्नों का कस्टमर डाटा तथा एक फिंगर प्रिंट मशीन बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विभिन्न वित्तीय कंपनियों के नाम पर ग्राहकों को लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। इसके लिए वे कस्टमर डाटा का उपयोग कर मोबाइल नंबरों पर संपर्क करते और लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 309/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

गिरफ्तार आरोपियों में पिंटू कुमार यादव (मोसमा), सूरज कुमार (मोसमा), अंकित कुमार (तारा बिगहा, नालंदा) तथा सौरव कुमार (तारा बिगहा, नालंदा) शामिल हैं।

छापेमारी दल में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, सुशील कुमार, मनोज कुमार राय तथा पप्पू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि साइबर अपराध के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवादा में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई, 4 में से 3 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।नवादा में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 में से 3 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया।

मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित सुनवाई में कुल 4 परिवादी उपस्थित हुए। इनमें शम्भू प्रसाद द्वारा व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन को घरेलू कनेक्शन में बदलने, अब्दुल हामिद मलिक द्वारा रोह विद्युत पावर हाउस से संबंधित भूमि अधिग्रहण तथा विनय कुमार द्वारा अर्जित अवकाश की स्वीकृति और अगस्त 2025 के बकाया वेतन भुगतान से जुड़े मामले शामिल थे।संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर तीन मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेषमामले में आवश्यक प्रक्रिया जारी है।

प्रशासन ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी शिकायत का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड स्तर की समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में अपील की जा सकती है, जबकि जिला स्तरीय मामलों के लिए समाहरणालय परिसर स्थित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।सुनवाई की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इसमें दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष तरीके से निर्णय लिया जाता है। साथ ही, अब नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी हो गई है।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इस व्यवस्था का लाभ उठाएं और निर्धारित समय-सीमा में न्याय प्राप्त करें।

# बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर नितेश सिंह ने दी बधाई, कहा,सनातन की एकजुटता की जीत है

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)।बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा दल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितेश सिंह ने खुशी जताते हुए शीर्ष नेतृत्व और देशवासियों को बधाई दी है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

नितेश सिंह ने कहा कि बंगाल में यह जीत "सनातन और हिंदुत्व की एकजुटता" का परिणाम है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता ने भय और आतंक के माहौल से बाहर निकलकर भाजपा को समर्थन दिया है, जिससे उन्हें राहत मिली है।

उन्होंने आगे कहा कि यह जीत श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। साथ ही बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूत करने में प्रभारी मंगल पांडे की भूमिका की सराहना की।

नितेश सिंह ने बंगाल भाजपा अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य, वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी और असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा शर्मा को भी विशेष बधाई दी।

# नवादा में पेयजल योजनाओं की समीक्षा, डीएम ने दिए सख्त निर्देश,एक सप्ताह में दुरुस्त हों खराब चापाकल




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।नवादा समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार, 05 मई 2026 को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीपीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, हर घर नल-जल योजना, पाइपलाइन विस्तार, जल गुणवत्ता जांच, खराब चापाकलों की मरम्मत तथा जलापूर्ति केंद्रों के संचालन व रख-रखाव जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।

कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि मेसकौर प्रखंड के जल संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए नारदीगंज प्रखंड के डोहरा पंचायत अंतर्गत फल्दू से मेसकौर तक पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की योजना तैयार की जा रही है।

बताया गया कि पीएचईडी के 112 छूटे टोलों में से 107 में कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि पंचायती राज विभाग के 422 टोलों में से केवल 285 में ही काम शुरू हो पाया है। इस पर जिलाधिकारी ने असंतोष जताते हुए शेष टोलों में शीघ्र कार्य प्रारंभ कर समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

समीक्षा में यह भी सामने आया कि पिछले वर्ष अच्छी वर्षा के कारण जिले का औसत भूजल स्तर 37.40 मीटर से सुधरकर 32.72 मीटर पर पहुंच गया है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में अब भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए जिले में धावा दल के माध्यम से चापाकलों की मरम्मत कराई जा रही है। जिले में कुल 32,109 चापाकलों में से प्राप्त शिकायतों के आधार पर 2,213 खराब पाए गए, जिनमें से 1,806 की मरम्मत की जा चुकी है, जबकि शेष पर कार्य जारी है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी खराब चापाकलों एवं नलों को एक सप्ताह के भीतर क्रियाशील किया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा, सीजीआरसी पोर्टल पर प्राप्त 1700 शिकायतों में से 1535 का निष्पादन किया जा चुका है।

आमजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के साथ ही कंट्रोल रूम नंबर 06324-210036 पर भी अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

बैठक में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, निदेशक डीआरडीए, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# एनसीसी 38 बिहार बटालियन के शिविर में कैडेट्स को मिला आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महाबोधि कॉलेज, नालंदा में चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 38 बिहार बटालियन, बिहारशरीफ के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत "कैडेट ट्रेनिंग कैप्सूल" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण 05 अप्रैल 2026 को एनसीसी उड़ान के मास्टर ट्रेनरों द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कैडेट्स को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी और जिम्मेदार प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था।

इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान कैडेट्स को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इनमें सड़क सुरक्षा, अस्पताल पूर्व चिकित्सा (प्राथमिक उपचार), साइबर सुरक्षा, भूकंप, अग्निकांड, बाढ़ तथा आकाशीय बिजली जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय शामिल थे। प्रशिक्षकों ने इन विषयों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाते हुए कैडेट्स को यह बताया कि संकट की घड़ी में कैसे धैर्य बनाए रखते हुए सही निर्णय लिया जाए और दूसरों की सहायता की जाए।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि कैडेट्स को मॉक ड्रिल और व्यवहारिक अभ्यास भी कराए गए। इन अभ्यासों के माध्यम से कैडेट्स को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव कराया गया, जिससे उनकी समझ और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई। आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, घायलों की प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षित स्थान पर निकासी तथा टीमवर्क के महत्व को भी व्यावहारिक रूप से सिखाया गया।

एनसीसी उड़ान के मास्टर ट्रेनरों ने आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों का उपयोग करते हुए कैडेट्स को जागरूक किया। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक कार्यशैली पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक सशक्त कैडेट वही है जो कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहकर जिम्मेदारी निभा सके।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कैडेट्स न केवल आत्मनिर्भर बनते हैं, बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी का मूल उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करना है और ऐसे कार्यक्रम इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में कर्नल राजेश बेहरी, सूबेदार मेजर ललेन्दर तिग्गा, सूबेदार मान सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार मदन मेहता, नायक सूबेदार विशाल पाण्डेय, हेड क्लार्क उमा शंकर, ट्रेनिंग क्लार्क राज नारायण, एक्स सर्विसमैन संजय, ट्रेनिंग एनसीओ रोमन अधिकारी तथा जीसीआई प्रीति कुमारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कैडेट्स के समग्र व्यक्तित्व विकास, आपदा प्रबंधन क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# हरनौत में पूरी तरह से ठप है बिजली-आपूर्ति

## आंधी-तूफान के बाद 24 घंटे से ठप बिजली, पेयजल संकट गहराया ,एक की ठनका से मौत





हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड के विभिन्न गांवों में पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। सोमवार को आए तेज आंधी-तूफान के कारण विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।बिजली संकट के चलते पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आए तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र में व्यापक नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं बिजली के तार भी टूटकर गिर गए। कहीं बिजली के तार पर हीं पेड़ गिर गया।इसके परिणामस्वरूप पूरे इलाके की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई और आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई।

बिजली न होने के कारण बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराया। हालांकि मंगलवार के देर शाम बिजली सुचारू रूप से चालू कर दी गई।उधर कुछ गांवों में पानी की आपूर्ति विद्युत व्यवस्था पर निर्भर होने के कारण सप्लाई ठप हो गई है। लोगों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जहां भीड़ देखी जा रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, बिजली गुल होने से न केवल पानी की समस्या बढ़ी है, बल्कि मोबाइल चार्जिंग, गर्मी से राहत और दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं, जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है।बिजली विभाग के जेई ने बताया कि तूफान के कारण कई स्थानों पर लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं।इन्हें ठीक करने के लिए विद्युत कर्मियों की टीमें लगातार काम कर रही हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि लाइन दुरुस्त होते ही बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल कर दी जाएगी। वही 30 मिनट की इस अंधी तुफान व वर्षा से किचनी गांव में एक युवक के ऊपर करकट गिरने से जख्मी हो गया। जबकि नया खंदा क्षेत्र के खंदा में भैंस चरवाहे के ऊपर ठनका गिरने से एक आदमी की मौत खंदा में ही हो गया।इधर दैली गांव में राजबिहारी महतो के एस्बेस्टस तेज आंधी में उड़ने से छतिग्रस्त हो गया। उधर बिजली विभाग का हरनौत बाजार के श्रीचंदपुर में तार टुटने , रूपसपुर के पास सरथा रोड में पोल टुटने से आदि स्थानों पर लाख से ऊपर रुपए कि क्षति हुई है।दो घंटे से ऊपर चेरन जीएसएस जबकि हरनौत पीएसएस से घंटे देरी तक विभिन्न फिडर में बिजली बाधित थे। किसानों में वर्षा से मूंग, मक्का आदि की फ़सल को फायदा हुआ। जबकि प्याज़ आदि कि क्षति हुई।

# NEET परीक्षा में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, 4 और आरोपी गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में NEET परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले सॉल्वर गैंग के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सरगना की निशानदेही पर चार और अपराधियों को अलग-अलग जिलों से गिरफ्तार किया गया है। अब तक इस मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बताया जाता है कि दिनांक 02/03 मई 2026 की रात पावापुरी थाना पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान पावापुरी चौक से दो लग्जरी वाहन (स्कॉर्पियो-एन और ब्रेजा) से तीन सरगना को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गिरियक थाना कांड संख्या 217/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद दीपनगर कारा मंडल भेज दिया गया।

जांच के दौरान मुख्य आरोपी, विम्स मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र अवधेश कुमार के मोबाइल की जांच में कई अहम साक्ष्य मिले। इसके आधार पर पुलिस ने औरंगाबाद, जमुई और मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न जिलों में छापेमारी कर चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों में हर्षराज (सीतामढ़ी), मनोज कुमार, गौरव कुमार और सुभाष कुमार (सभी मुजफ्फरपुर निवासी) शामिल हैं। पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि वे NEET परीक्षा में अपनी जगह सॉल्वर को बैठाने वाले थे, लेकिन मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के कारण योजना विफल हो गई।

आरोपियों ने बताया कि परीक्षा पास कराने के लिए 50 से 60 लाख रुपये तक की डील हुई थी, जिसमें 1.5 से 2 लाख रुपये अग्रिम के रूप में सरगना को दिए गए थे। इस पूरे नेटवर्क का संचालन उज्वल राज उर्फ राजा बाबू, अवधेश कुमार और अमन कुमार सिंह कर रहे थे।

पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 मई 2026 को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

# खाद्यान्न घोटाले की आशंका, सिलाव गोदाम सील, प्राथमिकी दर्ज

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राज्य खाद्य निगम, नालंदा के अंतर्गत सिलाव टीपीडीएस गोदाम में अनियमितता और संभावित खाद्यान्न घोटाले के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। 29 अप्रैल 2026 को जिला प्रबंधक को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया कि एकता शक्ति फाउंडेशन, सिलाव के नाम पर ऑनलाइन आरटी चालान जारी कर बिना खाद्यान्न के खाली वाहन भेजा गया।

जांच के दौरान ऑनलाइन ट्रैकिंग से पता चला कि वाहन संख्या BR09R-5084 के माध्यम से 10 हजार किलोग्राम (200 बोरा) खाद्यान्न का चालान जनरेट हुआ था, लेकिन वाहन खाली ही गंतव्य तक पहुंचा। इस मामले में सहायक प्रबंधक ब्यूटी कुमारी द्वारा इसे 'भूलवश' हुई त्रुटि बताया गया, परंतु अधिकारियों ने इसे संदिग्ध मानते हुए प्रथम दृष्टया मिलीभगत की आशंका जताई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए 30 अप्रैल को सिलाव टीपीडीएस गोदाम को सील कर दिया गया। साथ ही सहायक प्रबंधक ब्यूटी कुमारी और डीएसडी परिवहन अभिकर्ता शिवानी कुमारी के खिलाफ सिलाव थाना में कांड संख्या 85/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर गोदाम का सील तोड़कर इन्वेंट्री तैयार करने हेतु अंचलाधिकारी, सिलाव को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए अपर जिला प्रबंधक पिंकु कुमार झा को नामित किया गया है।साथ ही सहायक प्रबंधक स्मिता कुमारी को निर्देश दिया गया है कि वे डीलरों को खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गोदाम का प्रभार ग्रहण करें और इसकी रिपोर्ट राज्य खाद्य निगम कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

# बंगाल विजय पर हिलसा में भाजपा का जश्न, कार्यकर्ताओं में उत्साह



हिलसा (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के हिलसा नगर मंडल अध्यक्ष मंजय कुमार के नेतृत्व में बंगाल में मिली विजय के अवसर पर विजय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बरुन तल स्थित स्थानीय कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह के नेतृत्व में देश में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जीत अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मंडल अध्यक्ष मंजय कुमार ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बंगाल में मिली यह विजय वहां की जनता के समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने इसे तुष्टिकरण की राजनीतिके खिलाफ जनादेश बताया।

भाजपा नेता ब्रजलाला यादव ने कहा कि अब पार्टी को बंगाल की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाना होगा।

कार्यक्रम में जिला मंत्री योगेंद्र कुमार मंडल, गौरव प्रकाश, अतिपिछड़ा नेता संजय सागर, विकास चंद्रवंशी, रजनीश रंजन, अभिनव कौशल जायसवाल, सुरेश प्रसाद, साहिल गुप्ता, साहिल पटेल, नीतिश गुप्ता, सुब्रत हालदार, सूरज कुमार सिन्हा, प्रे परशुराय, मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा, गुलाल लगाकर, लड्डू बांटकर और पटाखे फोड़कर विजय उत्सव मनाया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक, प्रचार-प्रसार तेज



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), जहानाबाद, यातायात पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी न्यायिक अधिकारीगण भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच आम लोगों को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है।बैठक में विशेष रूप से लंबित वादों के अधिकतम निस्तारण पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम हो सके और लोगों को राहत मिल सके।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। विभिन्न विभागों के समन्वय से लोगों को इसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर अपने मामलों का शीघ्र समाधान करा सकें।

# श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे विधायक, दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलि



नगरनौसा (अपना नालंदा)। प्रखंड के ग्राम पंचायत राज खजुरा अंतर्गत दलदलीचक गांव निवासी एवं पंचायत मुखिया महेंद्र सिंह के पूज्य पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में हरिनारायण सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

कार्यक्रम में उपस्थित होकर विधायक ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है और सभी लोग ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना कर रहे हैं।

इस अवसर पर जदयू के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार, नगरनौसा प्रखंड जदयू अध्यक्ष सतीशचंद्र प्रसाद, कैला पंचायत पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार, जदयू नेता उमेश पासवान सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण शामिल थे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

पूरे माहौल में शोक और संवेदना का भाव व्याप्त रहा।

# पारिवारिक विवाद से परेशान महिला ने की आत्महत्या, गांव में शोक

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है। मृतका की पहचान शम्भू बिंद की 30 वर्षीय पत्नी मिन्तु देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से घर में किसी बात को लेकर लगातार विवाद चल रहा था, जिससे महिला मानसिक रूप से काफी परेशान थी। इसी तनाव के बीच उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब परिजनों ने मिन्तु देवी को अचेत अवस्था में पाया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पिता रामप्रवेश बिंद, जो औंगारी थाना क्षेत्र के हिराय बिगहा गांव के निवासी हैं, ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण उनकी बेटी काफी दिनों से तनाव में थी। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# सुनसान घर में चोरी, लाखों के जेवरात उड़ा ले गए अज्ञात चोर

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के रानीपुर पंचायत अंतर्गत मखदुमपुर गांव में चोरों ने सुनसान घर को निशाना बनाते हुए करीब 11 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मखदुमपुर निवासी अनिल कुमार की पत्नी आशा कुमारी इलाज के लिए पटना गई हुई थीं। इसी दौरान घर खाली देख अज्ञात चोरों ने खिड़की के सहारे छत पर चढ़कर मकान में प्रवेश किया। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखा बक्सा भी तोड़ दिया और उसमें रखे सोने-चांदीके जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।चोरी गए सामानों में सोने के दो चैन, दो कर्णफूल, दो लॉकेट, दो अंगूठी सहित अन्य आभूषण और कीमती वस्तुएं शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी सामानों की कुल कीमत लगभग 11 लाख रुपये है।पीड़िता आशा कुमारी ने बताया कि वे 4 मई को इलाज के लिए पटना गई थीं। मंगलवार को घर लौटने पर जब दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई और पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।